# वाणिज्य में स्नातक
# (बी. कॉम)

## चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

## बी. सी. ओ. सी. -131: वित्तीय लेखाकरण

सत्रीय कार्य
2021–2022

**प्रथम सत्र**

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

वाणिज्य में स्नातक (बी. कॉम)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

# बी. सी. ओ. सी. -131: वित्तीय लेखाकरण

सत्रीय कार्य 2021–2022

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस सत्रीय कार्य को तीन खंडों में विभाजित किया गया है। खण्ड - क में वर्णनात्मक पांच प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं। खण्ड - ख में पांच लघु प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 6 अंक के हैं। खण्ड - ग में चार अति लघु प्रश्न दिए गए हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 5 अंक के हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो दिसंबर 2021 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 अक्टूबर 2021 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो जून 2022 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे नया सत्रीय कार्य डाउनलोड करें और उसको 15 मार्च 2022 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के असाइनमेंट को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **बी. सी. ओ. सी. -131** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **वित्तीय लेखाकरण** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **बी. सी. ओ. सी. -131 / टी. एम. ए./ 2021 - 22** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

## खण्ड - क (50 अंक)

**नोट: सभी प्रश्नों का उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है।**

**1.** निम्नलिखित लेनदेन को जर्नल में रिकार्ड करें, उन्हें लेजर बही में पोस्ट करें और ट्रायल बैलेंस तैयार करें। (10)

क) 5,00,000 की पूंजी के साथ कारोबार शुरू किया।
ख) जय सन्स से उधार में 2,00,000 रूपये का फर्नीचर खरीदा गया।
ग) सिल्की ब्रदर्स को 10,000 रु भुगतान किए गए।
घ) हरियाणा ऑटोमोबाइल से 8000 रु कमीशन प्राप्त हुआ।
ङ) रामलाल एंड संस से 6,00,000 रु का माल खरीदा गया।
च) घनश्याम एंड संस को 6000 रु का ब्याज भुगतान किया गया।

**2.** 1 अप्रैल, 2016 को चौधरी हरपाल सिंह ने एस्कॉर्ट्स लिमिटेड से किराया क्रय पद्धति पर एक ट्रेक्टर खरीदा जिसका नकद मूल्य 2,20,000 रु था। 20,000 रु तुरन्त और शेष 50,000 रु की चार वार्षिक किश्तों में 8% वार्षिक ब्याज जोड़कर दिए जाने थे। ह्रास घटते हुए शेषों पर 10% वार्षिक दर से लगाना है। चौधरी हरपाल सिंह ने दो किश्तों का भुगतान किया परन्तु तीसरी किश्त का भुगतान करने में असमर्थ रहा। एस्कॉर्ट्स लिमिटेड ने उसे 90,000 रु नकद वापिस करके ट्रेक्टर वापिस ले लिया। (10)

चौधरी हरपाल सिंह की पुस्तकों में आवश्यक खाते बनाइए। पुस्तकें प्रतिवर्ष 31 मार्च को बन्द की जाती हैं।

**3.** ओसवाल मिल्स, बरनाला ने पानीपत के राजेन्द्रा डीलर्स को 5,000 किलोग्राम वनस्पति घी प्रेषण पर भेजा। घी की लागत 8 रु प्रति किलोग्राम थी। ओसवाल मिल्स ने 50 रु गाड़ी भाड़ा, 250 रु भाड़ा और 200 रु रास्ते में बीमे के दिए। रास्ते में 500 किलोग्राम घी दुर्घटनावश नष्ट हो गया, जिसके लिए बीमा कम्पनी मे सीधे प्रेषक को 2,500 रु दावे के पूर्ण चुकता भुगतान के दिए। (10)

प्रेषक पर माल भेजने की तिथि के तीन महीने बाद पानीपत के राजेन्द्रा डीलर्स ने सुचना दी कि 1,500 किलोग्राम घी 9.50 रु प्रति किलोग्राम कि दर से बेच दिया गया जिस पर व्यय हुए – गोदाम किराया 500 रु तथा विक्रेता का वेतन 700 रु। राजेन्द्रा डीलर्स विक्रय पर 5% कमीशन पाने के अधिकारी हैं। उन्होंने सुचना दी कि 20 किलोग्राम घी लीक हो जाने के कारण नष्ट हो गया। प्रेषक की पुस्तकों में प्रेषण खाता तथा असामान्य हानि खाता तैयार कीजिए।

**4.** एक लेखापालक तलपट में 210 रु का अन्तर पाता है जिसे वह उचन्ती खाते में डाल देता है। बाद में उसे निम्न त्रुटियां मिलती हैं। इन त्रुटियों को दूर कीजिए तथा उचन्ती खाता बनाइए– (10)

1. राम ने 700 रु का माल खरीदा, जिसे विक्रय पुस्तक द्वारा लिखा गया।
2. श्याम को 1,500 रु का माल वापिस किया, जिसे विक्रय वापसी बही में

लिख दिया गया।

3. अग्रिम किराए की 450 रु की मद को आगे ले जाना भूल गए।
4. क्रय वापसी की 120 रु की एक मद क्रय वापसी पुस्तकों में लिखने के स्थान पर गलती से क्रय पुस्तक में लिख दी गई और वहाँ से व्यक्तिगत खाते के डेबिट में लिख दी गई।
5. सुभाष को रेडियो मरम्मत के 180 रु देय थे तथा नया रेडियो जो 1,920 रु में सप्लाई किया गया था, क्रय पुस्तक में 2,000 रु लिख दिए गये।

सुधार प्रविष्टियां कीजिए एवं उचन्ती खाता तैयार कीजिए।

**5.** कम्पयूटरीकृत लेखांकन प्रणाली को परिभाषित करें। मेन्यूअल और कम्पयूटरीकृत लेखांकन प्रणाली में अन्तर की विवेचना कीजिए। (10)

## खण्ड - ख (30 अंक)

**नोट: सभी प्रश्नों का उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।**

**6.** एक संयुक्त उपक्रम की अनिवार्य विशेषताएं बताएं। (5)

**7.** ट्रायल बैलेंस की असहमति के मुख्य कारण क्या हैं? संक्षेप में बताएं। (5)

**8.** मूल्यह्रास की मात्रा को प्रभावित करने वाले घटक बताएं। (5)

**9.** पोस्ट डेटेड वाउचर के उपयोग के बारे में बताएं। (5)

**10.** शाखाओं के विभिन्न प्रकार कौन से हैं? शाखा लेखा की आवश्यकता बताइए। (5)

**11.** लेखांकन मानकों के लाभों के बारे में संक्षेप में बताएं। (5)

## खण्ड - ग (20 अंक)

**नोट: सभी प्रश्नों का उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है।**

**12.** निम्नलिखित में भेद करें: (10)

क) बेचे गये माल की लागत एवं उत्पादित माल की लागत
ख) लाभ–हानि खाता और बैलेंस शीट

**13.** निम्नलिखित पर संक्षेप में नोट लिखें: (10)

क) बही खाता प्रणालियां
ख) अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानक (IFRS)